# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है।

**जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल–कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी। देश के दुश्मनों को, जम्मू–कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है।

***आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।***

श्री मोदी ने कहा कि आंतकी हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जारी कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा।

***एक साल में इस अभियान के तहत देशभर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर, अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ जिले के अलग–अलग स्थानों पर गंगा एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा एक्सप्रेस–वे पर बन रही हवाई पट्टी का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस–वे से न केवल बड़े पैमाने पर आवागमन की सुविधा मिलेगी बल्कि इससे राज्य के समग्र विकास में भी तेजी आयेगी। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्तीस अप्रैल को देवरिया जिले के दौरे पर रहेंगे। वह जिले के देसही विकास खण्ड के राजकीय महाविद्यालय पड़ियापार में छह सौ छिहत्तर करोड़ बत्तीस लाख रूपये की पांच सौ एक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री गोरखपुर भी आएंगे और नगर निगम की तरफ से चरगांवा में आठ करोड़ उन्तालीस लाख रूपये की लागत से बनाए गये गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से सत्ताइस जुलाई को होने वाली समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा प्रदेश के पचहत्तर जिलों में दो हजार से अधिक परीक्षा केन्द्रों पर होगी। परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी से चाक चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। इस परीक्षा में करीब पौने ग्यारह लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने के अनुमान हैं। परीक्षा केन्द्रों के चयन के लिए सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीति का गठन किया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडएट की परीक्षा–दो हजार पचीस का परिणाम जारी करने के बाद बोर्ड ने परीक्षार्थियों को स्क्रूटनी का मौका दिया है। स्क्रूटनी के लिये परीक्षार्थी उन्नीस मई तक यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिये परीक्षार्थी को पांच सौ रूपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लिखित और प्रयोगात्मक के लिये अलग–अलग शुल्क जमा करना होगा।

**********

वैशाख मास की अमावस्या तिथि पर आज चित्रकूट धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद भगवान कामतानाथ के दर्शन–पूजन किये।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच, आज सुबह जौनपुर और बीती रात कौशाम्बी जिले में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पूर्वी हिस्से के अन्य जिलों में भी बादल छाये रहने से गर्मी का एहसास रोज की तुलना में कम रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि कल प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

**********